**Remarks**

It was a very good experience to Conduct the B.Sc II Practical examinati at M.P. P.G college Jungle Dhushan Gorakhpur. The Chemistry Lab was well equipied; and ~~stu~~ Students were ~~well~~ ~~better~~ ~~disp~~ dicipliend. I was great thankful to College chemistry teachers Dr. S.K. Barnwal, Dr. Shalni Singh, Dr. Kamlesh Singh yadav, Dr Ram sahaya, & Dr Manisha kapoor and also lab staffs. I am sure that this instetution will developed as ~~and~~ great institution of Higher eduction in future.

I wish the college a bright future and pray ~~to~~ to Baba Gru Gorakhnath to bless the Students ~~and~~ teacher and College staffs.

[signature] 16/3/2012

| Date | Name & Address | Tel. No. |
|---|---|---|
| 16.3.2012 | Dr. Abhishek Singh (Asst. Professor)<br>Deptt. of Chemistry<br>U.P. Autonomous college Varanasi | 9415066462 |

**Remarks**

मैं इस महाविद्यालय में तीसरी बार परीक्षा
सम्पन्न कराने हेतु आया। महाविद्यालय
शहर के किनारे होते हुए भी यहाँ पर
बहुत ही अच्छी व्यवस्था है। महाविद्यालय
में सभी सम्बन्धित सुविधायें विद्यमान
है। महाविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति कर
रहा है। मेरा विश्वास है कि यह
महाविद्यालय शीघ्र ही शिखर तक
पहुँच जायेगा।

मैं इस संस्था के प्रति हार्दिक
शुभ कामनायें व्यक्त कर रहा हूँ।

रा.स.सिंह
5.3.12

**Name & Address**


डा० राम सजीवन सिंह
प्रोफेसर
रसायन विभाग
दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर

a

आज इस महाविद्यालय में परीक्षक के रूप में आने का
अवसर प्राप्त हुआ। यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता
हुई कि यह महाविद्यालय इलेक्ट्रानिक्स विषय प्रारम्भ
हुआ है। यह इस वि० वि० से सम्बद्ध एक मात्र महाविद्यालय
है जहां पर इलेक्ट्रानिक्स विषय का पाठ्यक्रम पढ़ाया
जाता है। विभाग की लैब स्तरीय है तथा विषय
अध्यापक श्री अनिल वर्मा ने छात्रों के साथ अधिक
परिश्रम किया है ये बच्चों के ज्ञान से स्पष्ट
होता है। बच्चों में अनुशासन एवं ज्ञानशीलता
प्रशंसनीय है।

24.03.12

डा० गंगा राम मिश्र
असि० प्रोफेसर
एमिटी स्कूल आफ इन्जि० एवं टेक्नोलोजी
एमिटी वि० वि० लखनऊ परिसर
9451803321

## Remarks

वर्तमान दौर में शिक्षण संस्थाओं के लिए मानक बन चुके इस प्रांगण में आना सदैव सुखद लगता है। मेरी शाश्वत शुभ कामनायें।

8/8/12

| Date | Name & Address | Tel. No. |
|---|---|---|
| 8.8.2012 | श्री भगवान सिंह<br>एसोसिएट प्रोफेसर - रक्षा अध्ययन<br>दिग्विजयनाथ पी०जी० कालेज गोरखपुर | 9839323304 |

इस महाविद्यालय में आकर आज मुझे यह अनुभव हुआ कि मैं प्राचीन काल के गुरुकुलों में हूँ। इस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० प्रदीप कुमार राव के कुशल निर्देशन में महाविद्यालय का चहुमुखी विकास हो रहा है तथा इनके कर्मठ व्यक्तित्व से इस महाविद्यालय को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पर्याप्त यश मिला है। यह बड़े ही गौरव की बात है। यहाँ के आचार्य एवं छात्र-छात्राओं के लिए मैं यही कामना करता हूँ कि जिस प्रकार दीपक स्वयं प्रकाशमान होता हुआ अपने स्पर्श से अन्य सैकड़ों दीपक को जला देता है उसी प्रकार सद्गुरु आचार्य स्वयं ज्ञान ज्योति से प्रकाशित होते हैं एवं दूसरों को प्रकाशमान करते हैं।

भगवान बुद्ध ने भी अत्तदीपो (आत्म दीपो भव) कहा था। अत: यहाँ के आचार्य एवं छात्रगण अपने व्यक्तित्व एवं कृतियों से भारत ही नहीं वरन् विश्व में प्राचीन भारतीय शिक्षण केन्द्रों के समान इस जंगल धूसड़ के प्रांगण से प्रकाश फैला सकें ऐसी मेरी शुभकामना है।

महेश कुमार शरण 13.8.2012

13.8.2012

डॉ० महेश कुमार शरण
सेवानिवृत्त आचार्य एवं अध्यक्ष, स्नातकोत्तर प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग, गया कॉलेज गया (मगध विश्वविद्यालय बोधगया) 9452778551

a

**Name & Address**

इस महाविद्यालय को देखकर ऐसा लगा कि भारत के विश्वविद्यालयों की स्प्रीट यही होनी चाहिए। मालवीय जी की यह आकांक्षा कि शिक्षा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति की रक्षा होनी चाहिए यहाँ डॉ० प्रदीप राव जी, प्राचार्य के नेतृत्व में पूरा होता दिखता है। यह सौभाग्य की बात है कि डॉ राव इसके प्राचार्य हैं। इनकी कर्मठता के चलते आने वाले समय में यह महाविद्यालय आदर्श होगा।

(अम्बिकादत्त शर्मा)
दर्शन विभाग
डॉ० हरी सिंह गौर विश्व० विद्यालय, सागर (म०प्र०)
69406519498

**Remarks**

हम परीक्षक गण इस महाविद्यालय केन्द्र पर एम० एस- सी० प्रथम वर्ष (रसायनशास्त्र) की परीक्षा (प्रयोगात्मक) सम्पन्न कराये। जिसमें परीक्षार्थियों का गहराई से परीक्षण किया गया और तदनुसार उनका मूल्याङ्कन भी किया गया। हम सब परीक्षार्थियों के कार्य संस्कृति से सन्तुष्ट हुए। रसायन विभाग के सहयोगी प्रोफेसर गणों की कर्तव्यनिष्ठा उच्च स्तरीय रही। महाविद्यालय के प्राचार्य जी महाविद्यालय के विकास में समर्पित प्रतीत हुए।

हरिश्चन्द्र गुप्त, गोरखपुर
9918241462

Remarks

इस महाविद्यालय में आकर मुझे अनुभव हुआ कि योग्य एवं कर्मठ प्राचार्य किस प्रकार अपने सहयोगी अध्यापकों एवं अन्तेवासी छात्रों को साथ लेकर शिक्षा के उच्चतम मानदण्डों को ध्यान में रखकर गुरुकुल का निर्माण करता है। यहाँ कक्षाओं में छात्र जिस प्रकार अध्ययन रत हैं। यह निश्चय ही स्थापित करता है कि पूरा महाविद्यालय ज्ञानार्जन एवं विद्योपासना में मनोयोग से लगा हुआ है।

ज्ञानसृजन, चरित्र निर्माण, राष्ट्रीय भावना एवं स्वाभिमान को पुनः जाग्रत करने वाली शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाने वाले इस महाविद्यालय के यशस्वी एवं अत्यन्त कर्मदक्ष प्राचार्य डॉ. प्रदीप राव जी को अदम्य साहस एवं अकम्प निष्ठा तथा अलौकिक शक्ति प्रदान करने की भगवान् राम से प्रार्थना करता हूँ जिससे कि यह संस्था और आगे बढ़े।

| Date | Name & Address | Tel. No. |
|---|---|---|
| 21.8.12 | डॉ. सन्तोष कुमार शुक्ल<br>उपाचार्य<br>विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र<br>जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय<br>न. दिल्ली -110067 | 9810377119 |

सन्तोष कुमार शुक्लः
21/8/12

## Remarks

मैं इस महाविद्यालय में अनेक बार आ चुका हूँ। मुझे यहाँ व्याख्यान देने का सुअवसर भी प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय का प्रांगण, भवन, विद्यार्थीगण — सब अच्छे लगे। यहाँ जब आता हूँ मन प्रसन्नता से भर जाता है। मैं इस महाविद्यालय की उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

एस. डी. बोस

| Date | Name & Address | Tel. No. |
| --- | --- | --- |
| 22.8.12 | प्रोफेसर एस. डी. बोस<br>पूर्व अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग,<br>गोरखपुर विश्वविद्यालय | 228486 |

| Tel. No. | Remarks |
|---|---|
| | यह महाविद्यालय शिक्षा जगत में सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। डॉ० राव से मिल कर प्राचीन शिक्षा और वर्तमान शिक्षा के सामंजस्य के बारे में विशिष्ट जानकारी मिली। शिक्षा के क्षेत्र में व्याख्यानमालाओं और शोध पत्रिकाओं के माध्यम से शोध उपलब्धताओं के विचार भावी पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक बनें और ऋषि-ज्ञान परम्परा को संतुलन बनाकर आगे ले जाने में छात्र-छात्राएं प्रगति करें। इसी तरह महाविद्यालय को ज्ञान जगत में कार्य करते रहना चाहिए। मेरी शुभकामनाएं हैं कि यह महाविद्यालय ज्ञान का केन्द्र व डीम्ड (Deemed University) विश्वविद्यालय बनकर समाज को मार्ग प्रशस्त करने में सहायक हो। |
| | [signature] 23/8/12 |

| Date | Name & Address | Tel. No. |
|---|---|---|
| 23-8-2012 | डॉ० श्रीकृष्ण देव दूबे<br>उपाचार्य एवं अध्यक्ष<br>मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर<br>महाविद्यालय, भाटपार रानी<br>देवरिया - 274702. | 9450483295 |

**Remarks**

भारतीय संस्कृति के सच्चे संवाहक के रूप में यह महाविद्यालय अपनी कीर्ति-कौमुदी चतुर्दिक् बिखेर रहा है। यहाँ के छात्र एवं शिक्षक अत्यन्त अनुशासनप्रिय हैं। प्राचार्य डॉ० प्रदीप राव जो कुछ भी अच्छा चिन्तन करते हैं, उसे अपने इन छात्रों के माध्यम से चरितार्थ कराकर समाज के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। मैं यह आशंसा करता हूँ कि महाविद्यालय उत्तमोत्तम शिक्षा प्रदान करने के साथ ही साथ मानव-मूल्यों को संरक्षित करते हुए राष्ट्रीय उत्थान में अपनी सफल भूमिका का निर्वाह करे।

(हस्ताक्षर)
२४।५।२०१२

**Name & Address**

मुरलीमनोहर पाठक,
आचार्य, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग,
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर वि० वि०
गोरखपुर - २७३००९.

## Remarks

इस महाविद्यालय में आने का यह दूसरा अवसर है और दोनों बार मैंने इसे एक व्यवस्थित, अनुशासित और सांस्कृतिक दृष्टि से सम्पन्न परिसर के रूप में पाया जहाँ शिक्षकों से लेकर विद्यार्थियों तक में शैक्षणिक संस्कृति का भाव दिखता है। महाविद्यालय की प्रगति के लिए अशेष शुभकामनायें।

Haran
25.8.12

| Date | Name & Address | Tel. No. |
|---|---|---|
| 25.8.2012 | प्रो. हरीशरण | 9935389154 |
| | अध्यक्ष, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग | |
| | दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय. | |
| | गोरखपुर. | |

a This is one of the Most Valued Institution of NCC Group Gorakhpur. The Moral-values and Sanskar of this P G College is outstanding. The Dedication of Principal and Staff is worth emulating by other colleges.

"GOD SPEED" BEST OF LUCK.

[signature]

28 Aug 12.

26.8.2012 COL U S CHAUHAN

GROUP COMMANDER NCC

GORAKHPUR

## Name & Address

इस महाविद्यालय में मैं पहली बार आई हूं।
संगोष्ठी में संचालन, छात्रों की प्रस्तुतियां
तथा विद्वानों के वक्तव्य सभी प्रभावित करने
वाले थे। विशेष आकर्षित करती है वैचारिक
प्रखरता जो प्रत्येक वक्तव्य में दिखाई दी।
अपनी अलग पहचान बनाने में महाविद्यालय
अवश्य सफल होगा।

मधुरिमा कोहली

9. 10. 2012

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
के परिसर में मेरा प्रथम प्रवेश नितान्त
हर्षोत्पादक एवं आश्चर्यजनक रहा। मेरे हर्ष
और आश्चर्य का कारण थे इस सारस्वत
परिसर में बहने वाली हवा की गुरुकुलीय
सुगंध। मेरी मंगल कामना है कि
परिसर में प्रतिष्ठित विद्या, अनुशासन
एवं शील की त्रिवेणी निरंतर उत्तुंग तरंगिणी
हो।

(कन्हैया ओझा) 12/11/2013

2330114
9450883729